### ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसा

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार घायल



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मेनोनाईट के समीप गुरुवार सुबह एक आयशर ट्रकने दूसरे वाहन से ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे आल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार में सवार दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों की पहचान मो सद्दाम हुसैन मनिका, उसकी मां सहोगा, बीबी बहन आसमा खातून और इचाक (लातेहार ) निवासी बहनोई मंजूर अंसारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मो सद्दाम ने बताया कि वह कार से परिवार संग अपनी बहन का इलाज कराने रांची जा रहे थे। इसी दौरान मेनोनाइट के समीप तीखे मोड़ पर एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुअनि रंजय कुमार घटनास्थल पर पहुंच दोनों वाहनों को अपने कब्जे करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए हैं। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। खबर लिखे जाने तक घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा था।

### पिकअप व कार में हुयी आमने-सामने की टक्कर

मनिका। प्रखंड के डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप गुरुवार को पिकअप और क्रेटा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें क्रेटा पर सवार सभी लोग बाल-बाल बचे। वहीं भैंस जानवर लदा पिकअप वाहन का चालक, उपचालक वाहन छोड़ फरार हो गए। पिकअप वाहन पर लदे भैंस को बिहार से रांची की ओर ले जाया जा रहा था। बिहार से दुधारू पशु के नाम पर तस्करी के लिए धड़ल्ले से पशु व्यापारी पिक अप वाहन पर 5 पशु लाद कर बंगाल तक ले जाते हैं। दुर्घटना हुई पिकअप पर 5 भैंस लदे थे लेकिन एक भी बच्चा नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही मनिका पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

# कुचिला फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, चंदवा दो गोल से जीता



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के कुचिला खेल मैदान में एक सप्ताह तक चलने वाली सिंह कुचिला फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेला गया। उद्घाटन मैच चंदवा बनाम केड के बीच खेला गया, जिसमें चंदवा की टीम दो गोल से विजयी रही। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता निजाम अंसारी व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

उद्घाटन मैच के अपने संबोधन में स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर छिपे फुटबॉल खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का नियमित आयोजन होना चाहिए, जिससे गांव में छिपे खिलाड़ियों की पहचान हो सके और उसे आगे खेलने का अवसर दिया जा सके। उन्होंने कहा कि गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए राज्य सरकार कई सार्थक कदम उठा रही है। यही नहीं, गांव में नियमित खेलकूद का आयोजन हो इसको लेकर सभी गांवों में खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए सभी तरह के सहयोग देने की बात भी कही। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि गांव में खेल कूद व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने से गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। वहीं टूर्नामेंट में आसपास के दो दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया है, जिसका फाइनल मैच 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

वहीं गुरुवार को खेले गए उद्घाटन मैच में अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केड की टीम ने चंदवा की टीम को दो गोल से पराजित किया। वहीं टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, कृष्ण प्रसाद, छिपादोहर थाना के एएसआई रणजीत राम, काशी माहली आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह, मुकेश राम, निजाम अंसारी, अल्ताफ राजा, मनदीप सिंह शत्रुघ्न सिंह मुखिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सर्वेक्षित बीएलओ रजिस्टर की जांच

**महुआडांड़।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मनिका प्रखंड के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की गयी। सभी बीएलओ सुपरवाइजर के द्वारा सर्वेक्षित बीएलओ रजिस्टर की जांच की गई। बैठक में विशेष सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी प्रताप टोप्पो तथा सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# नॉक-आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल कल



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत दिग्ही खेल मैदान में आयोजित नॉक-आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार दोपहर को खेला जायेगा। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशर तिवारी, भाजपा नेता सुजित भारती, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रमुख मिकी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार सात हजार नगद व कप तथा दितिय पुरस्कार एकतालिस सौ नगद व कप देकर विजेता व उप विजेता टीम की हौसला अफजाई की जाएगी। टूर्नामेंट का आयोजन कृष्णा क्लब सिंदुवारी द्वारा किया गया है। इस में बीस टीमों ने भाग लिया है, जिसका क्वाटर फाइनल मुकाबला गुरुवार को दुर्गा क्लब मयूरहंड बनाम गंगा आहर के बीच खेला गया। इसमें शुन्य के मुकाबले एक गोल से दुर्गा क्लब मयूरहंड की टीम जीत दर्ज की। वहीं दुसरा मुकाबला हजारीधमना बनाम बघमुंडी के बीच खेला गया, जिसमें शुन्य के मुकाबले दो गोल से हजारीधमना की टीम ने जीत दर्ज की। इस तरह विजेता मयूरहंड एवं हजारीधमना की टीम शुक्रवार को सेमी फाइनल में अपना जगह बनाया।

# असरः हॉस्पिटल की जांच कर होगी कार्रवाई : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** हिंदी दैनिक नवीन मेल में प्रकाशित रामपुर स्थित दीप्ती हॉस्पिटल चल रहा है झोलाछाप डाक्टर के सहारे, संचालक निर्धारित मानको को ठेंगा दिखा कर संचालन कर रहे हैं निजी हॉस्पिटल खबर का असर दिखा। लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार गुरुवार को महुआडांड पहुंचे एवं दीप्ती हॉस्पिटल की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। इससे पूर्व लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं केंद्रीय टीम के सदस्यों के महुआडांड आगमन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड मुख्यालय स्थित दीप्ती हॉस्पिटल के संचालक निजी हॉस्पिटल खोलने के लिए तय किए गये मानकों को अनदेखा कर मनमाने तरीके से हॉस्पिटल चला कर लोगों की जिंदगी के साथ खेलवाड़ कर रहा है। हॉस्पिटल के संचालक निकेत के पास न तो मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है और न ही प्रशिक्षण प्राप्त स्टाफ।

### एमडीएम का हो समय समय पर मॉनीटरिंग

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक हुई। जिसमें उप विकास द्वारा द्वारा राज्य में मध्याह्न भोजन की स्तिथि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय की भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान हमेशा रखा जाए। किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ जो कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच भोजन के लिए दिया जाता है, उसके गुणवत्ता की जांच हमेशा की जाए। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त ने विद्यालय परिसर में जंगल-झाड़ी की साफ सफाई, स्टोर रूम और भोजन बनने वाले स्थान को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।

# ग्रामीणों ने की सामूहिक जमीन पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग

### ग्रामीणों ने विधायक को पत्र लिखकर लगायी गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत पतरातू गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने लातेहार विधायक बैधनाथ राम को पत्र लिखकर सामुहिक जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने और मुक्त कराने की मांग की है। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि पतरातू गांव के पुराना खाता 1 प्लॉट सं 230 व नया खाता 164 प्लॉट सं 1116, 1117, 1118 पर पूर्वजों के समय से हाट बाजार लगते आया है। उक्त स्थान पर ही चार-पांच गांव पतरातू, नेवाई, ओबर, विश्रामपुर आदि गांवों के द्वारा रामनवमी का मेला भी लगाया जाता है। पर हाल के दिनों में कुछ लोगों ने गलत तरीके से उक्त जमीन को अपने नाम पर कराकर वहां पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त स्थान पर बाजार व मेला लगने से सैकड़ों लोगों का जीविकोपार्जन चलता है पर हो रहे अवैध कब्जे से आने वाले समय में कई लोगों के सामने भूखे मरने वाली स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को पत्राचार किया गया लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विधायक से उक्त भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है। पत्र में सासंग मुखिया, पंसस समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।

# राजेंद्र साहू की हत्या हृदय विदारक घटना राज्य सरकार पीड़ितों के साथ : शाहदेव

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष ने परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने दिवंगत स्व राजेंद्र प्रसाद साहू के दशकर्म के दिन बालूमाथ पैतृक आवास पर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की एवं परिवारजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कहा कि राजेंद्र साहू की हत्या बहुत ही हृदय विदारक घटना है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्टेट के डीजीपी को अपराधियों पर नकेल कसने के लिए खुली छूट दी जा चुकी है। पुलिस अपराधियों को पकड़ जेल भी भेज रही है। जिले के एसपी अंजनी अंजन से कहा कि दिवंगत राजेंद्र साहू की हत्यो में जिन लोगों ने भी साजिश की है उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजें। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के अलावे, दिवंगत राजेंद्र प्रसाद साहू के बड़े बेटे रौसन कुमार गुप्ता, भाई ईश्वरी साव, जेएमएम के जिला संगठन सचिव लाल संजीत नाथ शाहदेव, समाजसेवी सह व्यवसाय मो. मुजम्मिल, सोनू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### इरउ में नामांकन को लेकर की गयी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति

**लातेहार।** शहर के बानपुर में अविस्थत बनवारी साहु महाविद्यालय (बीएससी) में नामांकन जारी है। इसको लेकर तीन कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसमें ज्योति कुमारी, अनुपम मिश्रा तथा अर्चना चौरसिया शामिल हैं। नामांकन स्थल की साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था के लिए वीरेंद्र उरांव और सत्यनारायण प्रसाद को जिम्मा सौंपा गया है, जबकि नये छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरने में सहयोग करने का दायित्व प्रो रंजीत कुमार और इशरत बानो को मिला है। इस बात की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रो पीके तिवारी ने दी। कहा नामांकन कराने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की सहुलियत के लिए यह व्यवस्था की गयी है। उन्होंने इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं से शीघ्र नामांकन कराने की अपील की है।

# पंचायत समिति की बैठक में लिए गए कई प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख रीना कुमारी एवं संचालन बीडीओ रंथु महतो ने किया। इस दौरान पूर्व बैठकों में लिए गए प्रस्तावों पर क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। वहीं सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी प्रबंधन को सीएसआर मद से विस्थापित गांवों में शौचालय, पथ, स्ट्रीट लाइट एवं पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, शिक्षा विभाग को विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, सीसीएल प्रबंधन को सीएसआर मद से विकास योजनाओं के चयन में पंचायत समिति के सदस्यों के साथ समुचित विचार-विमर्श करने, थाना प्रशासन से वाद-विवाद निस्तारण में पंचायत समिति सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग से विद्युत विभाग से संबंधित क्रियाकलापों में परस्पर समन्वय स्थापित करते हुवे दुर्घटनाओं में नियंत्रण तथा जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं रिसीव करने की मनमानी पर रोक लगाने के प्रस्ताव शामिल हैं। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। इसके साथ हीं, बैठक की तिथि से एक वर्ष के लिए आपसी समन्वय हेतु पंसस की बैठक में भाग लेने के लिए कल्याणपुर, बेंती, डहू एवं बड़गांव मुखिया का चयन किया गया। मौके पर सीओ विजय दास, उप प्रमुख, कॉर्डिनेटर नेहाल वारसी, पंसस शशिबाला, विकास पाण्डेय, नितेश राणा समेत अन्य मौजूद थे।

**पहल** चाणक्य आईएएस के वाइस प्रेसिडेंट व जनरल मैनेजर ने की प्रेस वार्ता, कहा

# सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी को जागरूकता जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिला परिषद कैंपस स्थित होटल उत्सव हॉल सभागार में शुक्रवार को दिल्ली से आए चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा संयुक्त रूप से मीडिया से मुखातिब हुए। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए वाइस प्रेसिडेंट श्री मिश्रा ने कहा कि चतरा समेत झारखंड के विद्यार्थियों में पोटेंशियल के साथ हर वह क्षमता मौजूद है, जो उसे सफल इंसान बना सकता है। जरूरत सही दिशा, मार्गदर्शन और लगातार मेहनत की होती है। साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, वह है जागरूकता। सिविल सेवा के क्षेत्र में जाने का कई अभ्यर्थियों का ख्वाब होता है लेकिन इस ओर जागरूकता की कमी के कारण कई अभ्यर्थी सही वक्त पर तैयारी नहीं कर पाते हैं। अभ्यर्थियों को सही समय पर तैयारी करना भी अहम है। चाणक्य आईएएस एकेडमी में 3 वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स खास उन अभ्यर्थियों के लिए अहम है, जो 10+2 उत्तीर्ण के बाद ही यूपीएससी की तैयारी करने लगते हैं। ग्रेजुएशन और यूपीएससी का पाठ्यक्रम एक-दूसरे का पूरक साबित होता है, जिससे ग्रेजुएशन की तैयारी के साथ यूपीएससी की भी तैयारी में सहायक साबित होता है और पहले या दूसरे प्रयास में ही यूपीएससी में सफल होने के सपने को अभ्यर्थी हकीकत में तब्दील कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यूपीएससी और जेपीएससी के लिए चाणक्य आईएएस एकेडमी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि कक्षाएं जो राजधानी दिल्ली में विषय विशेषज्ञ लेते हैं, उन्हीं विषय विशेषज्ञों के माध्यम से हजारीबाग, रांची और धनबाद की शाखाओं में कक्षाएं संचालित कराई जाती है। साथ ही डाउट क्लासेज, अत्याधुनिक लाइब्रेरी व स्मार्ट कक्षाएं भी अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी से जेपीएससी की परीक्षा में भी सैंकड़ों अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। साथ ही खास कर देश की राजधानी दिल्ली में अभ्यर्थियों को मिलने वाली तमाम सुविधाएं हजारीबाग में अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में आर्थिक रूप से अनुकूल हजारीबाग के चाणक्य आईएएस एकेडमी से यूपीएससी या जेपीएससी की तैयारी कर अभ्यर्थी सफलता हासिल कर सकते हैं। वहीं जनरल मैनेजर ने कहा कि करियर चुनाव में मार्गदर्शन आवश्यक है। साथ ही एकाग्रता के साथ किया गया परिश्रम भी सफलता के लिए जरूरी है। हाल ही में चाणक्य आईएएस एकेडमी से तैयारी कर यूपीएससी और जेपीएससी में सफल हुए कई अभ्यर्थी इसका जीता जागता उदाहरण हैं। चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी के लिए तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स जिसमें प्रिलिम्स, मेन्स के साथ साथ साक्षात्कार की संपूर्ण तैयारी कराई जाती है। साथ ही ग्रेजुएशन किए हुए अभ्यर्थियों के लिए दो वर्षीय और एक वर्षीय कोर्स भी उपलब्ध है। मिश्रा ने कहा कि यूपीएससी के साथ एकेडमी जेपीएससी की तैयारी कराती, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सफल होते रहें हैं। एकेडमी की देश भर में 25 शाखाएं हैं और अब तक 5000 से भी अधिक अभ्यर्थी संस्थान से तैयारी कर सफलता हासिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि नया बैच आगामी 30 अगस्त से शुरू हो रही है, जिसके लिए फिलहाल नामांकन जारी है। संस्थान के हजारीबाग शाखा के सेंटर हेड मोहन कुमार ने कहा कि सुविधा के तौर पर मेंटोरशिप कार्यक्रम चाणक्य आईएएस एकेडमी में उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को पूरे वर्ष कक्षाओं के साथ साथ पीटी व मेंस की टेस्ट के माध्यम से तैयारी कराई जाती है। साथ ही साक्षात्कार के लिए जीडी भी कराया जाता है, जिससे अभ्यर्थी सिविल सेवा में इंटरव्यू के लिए पहले से तैयार रहे।

## संक्षिप्त

### विकास योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

**महुआडांड़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री मंत्री, आवास, बिरसा आवास, अंबेडकर आवास, खेल मैदान, पीडीएस, बाल विकास, 15वें वित्त आयोग, फाइलेरिया व अन्य योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गयी। इसमें सभी पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही और जिस पंचायत में 15 वें वित्त आयोग को लेकर योजनाओं का चयन नहीं किया गया है वहां मुखिया व पंसस को योजनाओं को चयनित कर कार्य कराने की बात कही गई। वहीं मनरेगा से प्रखंड के प्रति एक ग्राम में पांच पांच योजनाओं का संचालन करने का निर्देश दिया साथ ही मानव दिवस बढ़ाने की बात कही गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, पंचायत समिति सदस्य पंचायत सचिव प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी आदि लोग मौजूद थे।

### फाउंडेशन ने कराई क्विज प्रतियोगिता

**बालूमाथ।** न्यू लाइट एकेडमी बालूमाथ में कामेश्वरम विद्यापीठ फाउंडेशन के बैनर तले क्विज प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 8वीं तक की छात्र/छात्राओं भाग लिया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार आफिफा ओफजा, द्वीतीय पुरस्कार जुनैद आलम एवं तृतीय पुरस्कार रंजना कुजूर ने प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल आहुति लुगुन, कामेश्वरम विद्यापीठ फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रतीक कुमार सिन्हा एवं अनिल कुमार राम, विद्यालय की शिक्षिका माहेरा खातून, सुशीला टोप्पो, इस्तियाक आलम, समरीन फातिमा उपस्थित थे।

### दादी प्रकाशमणि का स्मृति दिवस मनाया गया



**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार बाईपास रोड बीएसएनएल टावर के समीप सोन भवन में गुरुवार को दादी प्रकाशमणि का 16वां पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, एसबीआई के शाखा प्रबंधक कौशलेंद्र ईशर व रामदेव सिंह उपस्थति रहे। केंद्र प्रभरी बीके अमृता ने बताया कि दादी जी 14 वर्ष की आयु में ही संस्था को अपना जीवन समर्पित कर दिया था। 1967 में ब्रह्मा बाबा के पुरानी शरीर को छोड़ने के बाद दादी जी को द्वितीय मुख्य प्रशासिका बनाया गया। उनके नेतृत्व में विश्व के पांच महाद्वीपों में 1000 से अधिक राजयोग सेंटर खुले। उनका जीवन दिन दुखियों की सेवा में गुजारा। कार्यक्रम में बीके नवीन भाई, बिनोद भाई, आशीष भाई, बनारसी भाई, अजय भाई, बैजनाथ भाई, बीके ज्योति, बहन सुनीता, कंचन, पूनम, ममता बहन आदि ने भाग लिया।

### बीडीओ ने रुद्र स्टील प्लांट का किया शुभारंभ



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत ग्रामीण वितरक के समीप पीएमईजीपी स्कीम के तहत आयरन, वर्क गोदरेज, अलमीरा, और बॉक्स मैन्युफैक्चरिंग प्लांट रुद्र स्टील का शुभारंभ गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी, सेंट्रल बैंक के मैनेजर संतोष कुमार, संचालक सुरेंद्र कुमार, समाज सेवी मोहम्मद शमीम, गैस एजेंसी के संचालक मुंशी साव ने किया। बैंक मैनेजर ने कहा कि पीएमईजीपी स्कीम के तहत केंद्र सरकार 15-35 फीसदी तक सब्सिडी देती है।

### प्रखंड कृषक सलाहकार समिति की हुयी बैठक

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ अध्यक्षता कर रही देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, परियोजना निर्देशक डॉ दिवयेश कुमार सिंह, राज्य कृषि पदाधिकारी उद्यान विकास के डॉ विद्ययाधार मुंडा, जिला परामर्श के बलवीर सिंह, व बीएफएसी अध्यक्ष चांदनी देवी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में परियोजना निर्देशक डॉ सिंह ने कहा कि आप सभी कृषक मित्रों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर विभाग के विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से गाँव में संचालित करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही किसानों की समस्याओं से अवगत हुए। उनकी समस्याओं को समीती के पंजी में प्रस्ताव के रूप में लेकर जिला को भेजने की बात कहा।

